श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली -११००१६

क्रमांक एफः–4/परीक्षा/2020-21/1593 दिनांक: 14.09.2020

परीक्षा विभाग

(परीक्षकों एवं परीक्षार्थियों से सम्बन्धित सूचना)

आनलाईन (व्हाट्सप) माध्यम से अंशकालीन पाठ्यक्रमों के अन्तिम सत्र में अध्ययनरत छात्रों की सत्रीय परीक्षा कराने हेतु दिशा-निर्देशः-

1. अंशकालीन पाठ्यक्रमों के अन्तिम सत्र में अध्ययनरत छात्रों की परीक्षायें विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार आयोजित की जायेगी। परीक्षा की अवधि 03 घण्टे होगी जो प्रात: 10:00 बजे से प्रारम्भ होकर अपराह्ण 01:00 बजे समाप्त होगी।
2. अंशकालीन पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित परीक्षार्थियों की सूची पूर्ण विवरण सहित विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध की जायेगी। जिससे प्रत्येक परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक तथा विषय एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर उत्तर पुस्तिका हेतु उसका प्रयोग कर सकते है।
3. वेबसाईट पर उपलब्ध सूची अनुसार परीक्षा का दायित्व का अध्यापको द्वारा निवर्हन किया जायेगा।
4. परीक्षा विभाग अध्यापकों तथा संगणक विभाग के सहयोग से परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व प्रत्येक छात्र को उपस्थिति पत्र का लिंक व्हाट्सप द्वारा भेजेंगे जिसके द्वारा छात्र परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अपनी परीक्षा में उपस्थिति की जानकारी देगा। तद्रोपरांत संगणक विभाग द्वारा प्रत्येक ग्रुप से जुडे हुये परीक्षक तथा परीक्षार्थियों को व्हाट्सप द्वारा सम्बन्धित तिथि का प्रश्न-पत्र उपलब्ध किया जायेगा।
5. परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात परीक्षक अपने ग्रुप के परीक्षार्थियों को अपना मोबाईल नम्बर (व्हाट्सप) प्रदान करायेंगें। परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों को यह भी सूचना दी जायेगी कि कोई भी परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका व्हाट्सप ग्रुप पर प्रेषित न करें।
6. परीक्षा समय समाप्ति के पश्चात सम्बन्धित परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त परीक्षक को उनके व्हाट्सप मोबाईल नम्बर पर स्केन (फोटो) कर उसकी पी.डी.एफ फाईल(P.D.F Format) बनाकर 15 मिनट के भीतर प्रेषित करेगें। दिये गये समय के उपरांत भेजी गयी उत्तरपुस्तिकायें स्वीकार्य नहीं होगी।
7. परीक्षक द्वारा अंकसूची तैयार करने का प्रोफार्मा परीक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध किया जायेगा जिससे सभी परीक्षक उसे वेबसाईट से डाउनलोड करने का कष्ट करें।
8. परीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच कर अंकसूची तथा उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षा विभाग के ई-मेल आई.डी- (**exam@slbsrsv.ac.in**) पर 03 दिन के भीतर प्रेषित करने का कष्ट करें।